आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.06.2025 समय : 1905

- सरकार 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज से युवा प्रतिभाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर रही है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–केंद्र सरकार फोरेंसिक साक्ष्य–आधारित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रही है।
- अंतर्राष्ट्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए 13 हवाई अड्डों पर प्रोत्साहन योजना को मिली मंजूरी – वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी शामिल।
- ओडिशा में आज से शुरू हुए शतरंज चैंपियनशिप द्वीपसमूह के सात शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**<><><><><><><>**

सरकार 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज से युवा प्रतिभाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर रही है। पहली प्रतियोगिता का विषय है– 'ऑपरेशन सिंदूर – आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित करना'। यह एक द्विभाषी निबंध प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को दस–दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें दिल्ली में लाल किले पर 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का विशेष अवसर मिलेगा। इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए My Gov की वेबसाइट पर जा सकते हैं। प्रतियोगिता इस महीने की 30 तारीख तक खुली है। दूसरी प्रतियोगिता में, सरकार ने सभी उभरते सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों को भारतीय स्वतंत्रता के किसी भी स्मारक और स्थल पर अपनी सैर का वीडियो और रील बनाने के लिए आमंत्रित किया है। इच्छुक प्रतिभागियों को रील और वीडियो को अपने सोशल मीडिया पेज पर #NewIndia #EmpoweredIndia और #independenceday2025 हैशटैग के साथ पोस्ट करना होगा। शीर्ष तीन विजेता दस–दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीत सकते हैं।

इस बीच, नया भारत सशक्त भारत थीम पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है, जिसमें प्रतिभागियों को रंगों के माध्यम से देश की प्रगति और उपलब्धियों को दिखाने का अवसर मिलेगा।

प्रतियोगिता के बारे में अधिक जानकारी MyGov वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। सभी प्रतियोगिताएं रक्षा मंत्रालय और MyGovIndia के सहयोग से आयोजित की गई हैं और इस महीने की 30 तारीख तक खुली रहेंगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक साक्ष्य–आधारित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रही है। कोलकाता के राजारहाट में नए केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि फोरेंसिक बुनियादी ढांचे का पुनरुद्धार इस प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार देश भर में फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि निष्पक्ष और सटीक फैसलों के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य आवश्यक हैं।

<><><><><><><>

दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर ननकौड़ी द्वीपसमूह के कच्छाल गांव की जस्टिना एक कुशल स्वास्थ्य सेवा पेशेवर बन चुकी है। अपने इस सफर के बारे में बताते हुए जस्टिना ने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना से प्रेरित होकर उसने व्यक्तिगत देखभाल जैसे आवश्यक स्वास्थ्य सेवा कौशल में महारत हासिल की। वे बेंगलुरु स्थित मल्टी–स्पेशलिटी अस्पताल स्पर्श हॉस्पिटल्स में सेवा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के और भी लोग इस कार्यक्रम में शामिल हों। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के केन्द्रीय प्रभारी मलार ने ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को सशक्त बनाने में कौशल विकास कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 13 हवाई अड्डों पर अंतर्राष्ट्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा श्री विजयपुरम भी इस योजना में

शामिल प्रमुख हवाई अड्डों में से एक है। यह योजना प्रारंभिक चरण पर संचालन के पहले तीन वर्षों के लिए लागू होगी। 180 यात्रियों की उड़ान क्षमता को ध्यान में रखते हुए, इस प्रोत्साहन योजना से एयरलाइनों के लिए प्रति उड़ान 1.28 लाख रुपये की बचत की संभावना है। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में नामित होने के बाद पहली अनुसूचित अंतर्राष्ट्रीय उड़ान नवम्बर दो हजार चार को एयर एशिया द्वारा कुआलालंपुर से श्री विजयपुरम तक शुरू की गई थी। लेकिन यात्रियों की कम संख्या के कारण अंतर्राष्ट्रीय उड़ान परिचालन बंद कर दिया गया था। हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव ने कहा कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण प्रबंधन द्वारा अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन के लिए प्रोत्साहन योजना एक स्वागत योग्य कदम है। इसने पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। अंडमान निकोबार में विमानन को बढ़ावा देना हमेशा से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि विमान प्राधिकरण इस प्रोत्साहन योजना और स्विंग अंतरराष्ट्रीय कार्गो संचालन के साथ स्थायी अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन के लिए तैयार हैं।

<><><><><><><>

ओडिशा के खोरधा में आज 38वीं राष्ट्रीय अंडर–07 शतरंज चैंपियनशिप की शुरूआत हुई, जो पांच जून तक चलेगी। इसमें देश भर से करीब 340 युवा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में द्वीपसमूह के सात शतरंज खिलाड़ी शामिल हैं, जो राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चैंपियनशिप शास्त्रीय प्रारूप में आयोजित की जाएगी। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के महासचिव बी निलाईया ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से कैलिस्थेनिक्स ट्रेनर उदय शंकर दास के सहयोग से आर्म रेसलिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। युवाओं में ताकत आधारित खेलों को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक–खेल मोहम्मद इरशाद अहमद ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली और खेलों में सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। चार भार श्रेणियों में आयोजित टूर्नामेंट में पूरे द्वीप से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। चैम्पियन ट्रॉफी 75–85 किग्रा वर्ग में बिभूति बिस्वास ने जीता। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शिवशंकर सिंह और

विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा उपनिदेशक —योजना अर्चना सिंह उपस्थित थीं। उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक हटबे में नौ दशमलव चार मिलीमीटर, मायाबंदर में पांच दशमलव चार, श्री विजयपुरम में चार दशमलव छः, लांग आइलैंड में चार दशमलव दो और ननकौड़ी में एक दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई ।

**<><><><><><><>**